Under CSR Support by Ipca | Foundation
missiongyan




## अध्याय-9 | भौगोलिक परिप्रेक्ष्य में चयनित कुछ मुद्दे एवं समस्याएँ

Worksheet-1

### बहुविकल्पी प्रश्न

**1. निम्न में से प्रदूषण का प्रकार है —**

(अ) ध्वनि प्रदूषण (ब) भू प्रदूषण

(स) वायु प्रदूषण (द) उपर्युक्त सभी

**2. हेपेटाइटिस किस पर्यावरण प्रदूषण के कारण उत्पन्न होने वाली बीमारी है?**

(अ) ध्वनि प्रदूषण (ब) जल प्रदूषण

(स) वायु प्रदूषण (द) भू-प्रदूषण

**3. ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों की ओर जनसंख्या प्रवाह किन कारकों से प्रभावित होता है?**

(अ) नगरीय क्षेत्रों में मजदूरों की अधिक मांग (ब) ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के निम्न अवसर

(स) नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच विकास का असंतुलित प्रारूप

(द) उपरोक्त सभी कारक

**4. कानपुर शहर में औद्योगिक प्रदूषण के कारण कौन-सी नदी सर्वाधिक प्रदूषित हो रही है?**

(अ) यमुना ब) राप्ती

(स) गंगा (द) गोमती

**5. निम्नलिखित में से सर्वाधिक प्रदूषित नदी कौन-सी है?**

(अ) यमुना (ब) ब्रह्मपुत्र

(स) सतलुज (द) गोदावरी

**6. निम्न में से वायु प्रदूषण के स्रोत क्या है?**

(अ) खनन (ब) उद्योग

(स) जीवाश्म ईंधन का दहन (द) उपर्युक्त सभी

**7. निम्नलिखित में से कौन-सा अम्ल वर्षा का एक कारण है?**

(अ) भूमि प्रदूषण (ब) वायु प्रदूषण

(स) जल प्रदूषण (द) शोर प्रदूषण

**8. नगरीय क्षेत्रों को प्राय: किस रूप में पहचाना जाता है?**

(अ) भीड़-भाड़ तथा तीव्र बढ़ती जनसंख्या के लिए पर्याप्त सुविधाएं

(ब) साफ सफाई की खराब स्थिति एवं प्रदूषित वायु

(स) अति संकुल क्षेत्र

(द) उपरोक्त सभी

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App

**9. धूम्र कोहरा निम्न में से किससे संबंधित है?**

(अ) ध्वनि प्रदूषण
(ब) वायु प्रदूषण
(स) जल प्रदूषण
(द) अम्ल वर्षा

**10. झाबुआ जिला किस राज्य से संबंधित है?**

(अ) राजस्थान
(ब) झारखंड
(स) मध्य प्रदेश
(द) बिहार

## रिक्त स्थान :

**11.** जल प्रदूषण __________, __________ और __________ से उत्पन्न हो सकता है।

**12.** वायु प्रदूषण में मुख्य रूप से __________, __________ और धूलकण शामिल होते हैं।

## सत्य / असत्य

**13.** जल प्रदूषण केवल मानवीय गतिविधियों से उत्पन्न होता है।

**14.** वायु प्रदूषण का एक प्रमुख स्रोत औद्योगिक धुएँ और वाहन हैं।

## अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

**15.** भारत में ध्वनि प्रदूषण के दो प्रमुख स्रोतों को बताइए।

**16.** वायु प्रदूषण से कौन-से रोग होते हैं?

## लघूत्तरात्मक प्रश्न

**17.** अम्ल वर्षा के होने के मुख्य कारणों को बताइए।

**18.** प्रकृतिजनित व्यर्थ भूमि क्या है?

## निबंधात्मक प्रश्न

**19.** भारत में जल की दो समस्याएँ कौन-सी हैं? उपयुक्त उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए।

**20.** पर्यावरणीय ह्रास से आप क्या समझते हैं?

## HOTS

**21.** भारत में नगरीय अपशिष्ट निपटान से जुड़ी प्रमुख समस्याओं का उल्लेख कीजिए।

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App

Under CSR Support by Ipca | Foundation missiongyan

JINENDER SONI Founder, MISSION GYAN

**1.** (द) उपरोक्त सभी ही प्रदूषण के प्रकारों में सम्मिलित होते है।

**2.** (ब) जल प्रदूषण।

**3.** (द) उपरोक्त सभी कारक ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों की ओर जनसंख्या प्रवाह को प्रभावित करते है।

**4.** (स) गंगा।

**5.** (अ) यमुना।

**6.** (द) उपर्युक्त सभी वायु प्रदूषण के स्रोत है।

**7.** (ब) वायु प्रदूषण।

**8.** (द) नगरीय क्षेत्रों को प्राय उपरोक्त सभी समस्याओं के रूप में पहचाना जाता है।

**9.** (ब) नगरों के ऊपर धूम्र कोहरा वायुमंडलीय प्रदूषण के कारण होता है।

**10.** (स) झाबुआ जिला मध्य प्रदेश में स्थित है।

**11. रिक्त स्थान :** मानव, औद्योगिक, प्राकृतिक कारणों

**12. रिक्त स्थान :** सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन डाइऑक्साइड

**13. सत्य / असत्य :** असत्य

**14. सत्य / असत्य :** सत्य

**15.** भारत में ध्वनि प्रदूषण के स्रोत निम्नलिखित हैं–

i. तीव्र चालित मोटरवाहन।

ii. सामुदायिक गतिविधियों से जुड़े विभिन्न उत्सव संबंधी कार्यों से होने वाली असहज तथा असहनीय ध्वनि।

**16.** वायु प्रदूषण से फेफड़े एवं हृदय संबंधी रोग होते हैं। श्वसन क्रिया के दौरान प्रदूषित हवा फेफड़े एवं हृदय में पहुँचकर उसे बुरी तरह प्रभावित करते हैं।

**17.** . जीवाश्म ईंधन का दहन, खनन व उद्योग वायु प्रदूषण के स्रोत हैं, जो वायु में सल्फर एवं नाइट्रोजन के ऑक्साइड, हाइड्रोजन, कार्बन मोनोऑक्साइड, सीसा तथा एस्बेस्टस को निर्मुक्त करते हैं।

**18.** वह व्यर्थ भूमि जो प्राकृतिक कारकों द्वारा जनित होती है; उसे प्रकृति जनित व्यर्थ भूमि कहते हैं; जैसे- तीव्र ढाल वाली भूमि, बंजर व रेतीला क्षेत्र, प्राकृतिक खड्डे आदि।

**19.** भारत में जल की दो प्रमुख समस्याएँ हैं–

**i. जल प्रदूषण:** औद्योगिक अपशिष्ट, घरेलू गंदगी और कृषि में रासायनिक कीटनाशकों के उपयोग के कारण नदियों और झीलों का जल प्रदूषित हो रहा है। उदाहरण के लिए, गंगा नदी में औद्योगिक कचरे और सीवेज के मिश्रण से जल की गुणवत्ता गंभीर रूप से प्रभावित हो चुकी है, जो मानव स्वास्थ्य और जलीय जीवन के लिए अत्यंत हानिकारक है। गंगा और यमुना जैसी नदियों में जल प्रदूषण की समस्या अत्यधिक गंभीर है, और इसे नियंत्रित करने के लिए विशेष प्रयास किए जाने चाहिए।

**ii. जल की कमी:** बढ़ती जनसंख्या और अत्यधिक जल उपयोग के कारण कई क्षेत्रों में जल संकट उत्पन्न हो गया है। उदाहरण के लिए, राजस्थान में सूखे की समस्या के कारण जल की कमी गंभीर रूप से महसूस की जाती है, जिससे कृषि और पेयजल की उपलब्धता प्रभावित होती है। उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में भी जल संकट बढ़ती जनसंख्या और अनियंत्रित जल उपयोग के कारण गंभीर रूप से उभर रहा है, विशेषकर पश्चिमी और बुंदेलखंड क्षेत्र में।

**20.** पारितंत्रों में उपस्थित प्राकृतिक संतुलन में कमी को पर्यावरणीय ह्रास कहते हैं। आधुनिक प्रौद्योगिकी से संपन्न मानव द्वारा अनेक पर्यावरणीय प्रदूषक पैदा किए जा रहे हैं, जिससे पर्यावरण के गुणों में ह्रास हो रहा है।

मिशन ज्ञान पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें जैसे चाहें 100% FREE! VIDEO COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES Download Mission Gyan App

**21.** भारत के नगरीय क्षेत्रों में जनसंख्या का अति संकुलन होने से प्रयुक्त उत्पादों के ठोस अपशिष्टों (कचरे) से गंदगी के ढेर जहाँ-जहाँ देखने को मिलते हैं। इनके निपटान की एक मुख्य समस्या है, जिससे नगरीय वातावरण प्रदूषित होता है।

पॉलिथिन, कंप्यूटर, प्लास्टिक, व अन्य इलेक्ट्रोनिक सामान के कबाड ने, काँच व कागज तथा मकानों की टूट-फूट/निर्माण से उत्पन्न मलबे ने इस अपशिष्ट के निपटान की समस्या को और गंभीर बना दिया है।

मिशन ज्ञान
पढ़ें: जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App